No. of Printed Pages/Questions: 2 / 4

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test – I (Round – II) 2026 – 2027

Class - 9 MM-20

Subject- Hindi Time: 1 Hrs.

Name: _____ Roll No.:_____

प्र0 1निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1X2+2X2=6

शरीर का खाद्य भोजनीय पदार्थ है और मस्तिष्क का खाद्य, साहित्य। यदि हम अपने मस्तिष्क को निष्क्रिय और कालांतर में निर्जीव–सा नहीं करना चाहते तो साहित्य का सतत सेवन करना चाहिए और उसमें नवीनता लाने के लिए उसका उत्पादन भी करना चाहिए; पर याद रखिए बुरे साहित्य से मस्तिष्क भी पीड़ित होकर रोगी हो जाता है।

मस्तिष्क का बलवान और शक्ति संपन्न होना अच्छे साहित्य पर ही निर्भर करता है। अतएव यह बात स्पष्ट है कि मस्तिष्क के पर्याप्त विकास का एकमात्र साधन अच्छा साहित्य है।

यदि हमें सभ्यता की दौड़ में अन्य जातियों की बराबरी करनी है तो सत्साहित्य का उत्पादन और प्राचीन साहित्य की रक्षा करनी चाहिए और यदि हम अपनी वर्तमान दयनीय दशा में रहना चाहते है तो साहित्य सम्मेलन के दिखावे को बंद कर देना चाहिए। आँख उठाकर ज़रा दूसरे देशों और जातियों की ओर तो देखिए! साहित्य ने वहाँ के समाज की दशा ही बदल दी है. शासन प्रबंध में बड़े–बड़े उथल–पुथल कर डाले हैं।

हमें अपनी भाषा और उसी के साहित्य को प्रधानता देनी चाहिए, क्योंकि अपने देश और जाति का कल्याण अपनी भाषा के साहित्य की उन्नति से ही हो सकता है। ज्ञान, विज्ञान, धर्म और राजनीति की भाषा सदैव लोकभाषा ही होनी चाहिए। अतएव अपनी भाषा के साहित्य का विकास करना हमारा परम धर्म है।

I उपर्युक्त गद्यांश में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक भोजन और किसकी बात कही गई है?

(क) अच्छे साहित्य (ख) नवीन साहित्य

(ग) जातिप्रधान (घ) भाषाप्रधान

II गद्यांश में साहित्यकार द्वारा अन्य देशों का उल्लेख क्यों किया गया है?

(क) अपने समाज को ललकारने के लिए

(ख) पाठकों में ईर्ष्या की भावना उत्पन्न करने के लिए

(ग) अपनी शासन व्यवस्था को चुनौती देने के लिए

(घ) स्वदेशी साहित्य का महत्त्व स्थापित करने के लिए

III भविष्य में स्वयं को सजीव बनाए रखने के लिए साहित्य में क्या होना चाहिए?

IV श्रेष्ठ साहित्य का विकास कब संभव होगा? स्पष्ट कीजिए।

प0 2 नीचे दिए गए शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए– 2

दुर्बोध, अनुसंधान, चकोर, जोति

प्र0 3 नीचे दिए गए मुहावरों में से किन्हीं दो मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए–2

एक ही ढेले से दो चिड़िया मारना

कान के परदे फटना

मोटी अक्ल का होना

ईंट का जवाब पत्थर से देना

प्र0 4 नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर 40 से 60 शब्दों में लिखिए– (2X5 = 10)

क– लेखक ने ए.जी. गार्डिनर के 'हैट' और 'खूँटी' वाले उदाहरण के माध्यम से निबंध लेखन की किस सूक्ष्मता को स्पष्ट किया है?

ख– सुधारों का कोई अंत नहीं होता'? इस कथन की व्याख्या कीजिए।

ग– वृद्धों के लिए उनका 'अतीत' वर्तमान से अधिक प्रिय क्यों होता है? पाठ के आधार पर तर्क दीजिए।

घ– कवि ने प्रभु और भक्त के सम्बन्ध को दर्शाने के लिए किन उदाहरणों को लिया है ?

ङ– कवि ने भगवान को 'घन' क्यों कहा है?

च– 'हरि सो जोरि सबन सो तोरों' का आशय स्पष्ट कीजिए।

——0——